पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
————

राज्यपाल ने जनपद हमीरपुर में विविध कार्यक्रमों और समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

————

जिला चिकित्सालय के महिला एवं शिशु वार्ड का किया निरीक्षण

————

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड व क्षय रोगियों हेतु पोषण किट किए गए वितरित

—————

आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा संपन्न बनाये जाने हेतु आवश्यक सामग्री युक्त किटों का किया गया वितरण

———

राज्यपाल ने राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यों व प्रबन्धकों से किया संवाद

————

लखनऊः 03 अगस्त, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद हमीरपुर के एक दिवसीय भ्रमण के दौरान विविध कार्यक्रमों और समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता की।

इस क्रम में राज्यपाल जी द्वारा जनपद हमीरपुर के ग्राम कुछेछा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया तथा जनपद के आंगनवाडी केंद्रों को सुविधा संपन्न बनाये जाने के उद्देश्य से पठन–पाठन एवं खेल–कूद सामग्री युक्त 170 किटों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिए कि उक्त सामग्री आंगनवाडी केन्द्र के बच्चो को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। आवश्यक सामग्री युक्त आंगनवाड़ी किटों में बच्चों के खेलने

हेतु विभिन्न प्रकार के खिलौने, झूला, साईकिल, ब्लैकबोर्ड, कुर्सियां तथा मेज आदि सामग्री वितरित की गयी।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कविता, प्रेरक कहानी, पंचतंत्र आदि के माध्यम से बच्चों में समझ विकसित करें। उन्होंने कहा कि नयी शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों को मातृभाषा में सिखाने का प्रयास किया जाए। इस दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी केन्द्र में टी0वी0 के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने सम्बन्धी गतिविधियों का अवलोकन भी किया।

राज्यपाल जी ने इस दौरान जनपद की 124 स्वयं सहायता समूहों के लिए 1.86 करोड़ के कैश क्रेडिट लिमिट संबंधित चेक तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्रों का वितरण किया।

एक अन्य कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने जिला चिकित्सालय में जिला महिला व पुरूष चिकित्सालय परिसर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, सामान्य वार्ड, पोस्ट आपरेशन वार्ड, एन0आई0सी0यू0 वार्ड, एस0एन0सी0यू0, हड्डी रोग विशेषज्ञ कक्ष, आयुष्मान भारत सम्बन्धित काउंटर का निरीक्षण किया और वहां भर्ती मरीजों का हाल जाना तथा उन्हें अस्पताल में मिल रही चिकित्सा व अन्य सुविधाओं की जानकारी ली और वहां भर्ती मरीजों को फल भी वितरित किए। राज्यपाल जी ने जिला चिकित्सालय सभागार में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत 50 लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड तथा 60 क्षय रोग के मरीजों हेतु पोषण पोटली का वितरण किया। इस क्रम में क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें रोगमुक्त बनाये जाने हेतु किये गये उत्कृष्ट कार्य पर जनपद की तीन औद्योगिक इकाइयों जे0के0 सीमेंट, रिमझिम इस्पात तथा हिन्दुस्तान यूनिलीवर के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर राज्यपाल जी ने आयुष्मान भारत योजना से आच्छादित जनपद के राजकीय व निजी चिकित्सालयों

के चिकित्साधिकारियों से संवाद स्थापित किया तथा उन्हें इस क्षेत्र में अच्छा कार्य करने हेतु प्रशस्ति–पत्र भी प्रदान किया।

राज्यपाल जी ने कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी में 'एक जिला–एक उत्पाद', स्वयं सहायता समूह, जैविक कृषि, बागवानी मिशन एवं खाद्य प्रसंस्करण, स्वच्छ भारत मिशन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, जल जीवन मिशन, माटीकला आदि का अवलोकन किया तथा कलेक्ट्रेट परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपण किया।

राज्यपाल जी ने कलेक्ट्रेट में राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालय के प्राचार्यों एवं प्रबन्धकों के साथ संवाद स्थापित कर महाविद्यालयों में शिक्षण गतिविधियों में तेजी लाने व नियमित रूप से संचालित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कॉलेजों में पंजीकृत विद्यार्थियों को नियमित रूप से आने हेतु प्रोत्साहित किया जाए व उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग किया जाए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी हमीरपुर डॉ0 चंद्रभूषण, पुलिस अधीक्षक डॉ0 दीक्षा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी श्री चंद्रशेखर शुक्ला, संबंधित अधिकारीगणों व जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति रही।

————————

राम मनोहर त्रिपाठी / कृष्ण कुमार,
राजभवन, सम्पर्क सूत्र–9453005360

श्रीमती आनंदीबेन प
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

श्रीमती आनंदीबेन पटेल

ती आनंदीबेन पटेल
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

कृषि विभाग